समाचार

# मुख्यमंत्री ने किया निगम की प्रदर्शनी का अवलोकन




कोरबा 12 अक्टूबर 2019—कार्यक्रम स्थल के मुख्य प्रवेशद्वार पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने निगम द्वारा स्थापित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, इस दौरान आयुक्त श्री राहुल देव ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित निगम की पेयजल आवर्धन योजना भाग—2 के माडल तथा योजना के स्वरूप, प्लास्टिक फ्री कोरबा पर निगम द्वारा चलाए गए कैम्पेन, प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्यप्रगति सहित निगम के अन्य कार्यो की जानकारी दी। इस मौके पर डोर—टू—डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में संलग्न सफाईमित्रों ने उनका मानदेय 5000 रूपये से बढ़ाकर 6000 रूपये प्रतिमाह किए जाने पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त प्रदर्शनी में पेयजल आवर्धन योजना भाग—2 का माडल प्रदर्शित किया गया था, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, मिशन क्लीन सिटी, प्लास्टिक फ्री कोरबा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य कार्यो से संबंधित जानकारियां प्रदर्शित की गई थी, प्रदर्शनी स्थल के समीप मुख्य प्रवेशद्वार पर निगम द्वारा सेल्फी जोन स्थापित किया गया था।